(4)

## गंदगी करने वाले पांच लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व स्पाट फाइन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर गंगाबाई-बंशीलाल शर्मा थावरिया बाजार से 1000, छोटू आटो पाटर्स आबकारी चौराहा से 700, हुतैब ग्लासेस महू रोड, राजस्थान मार्बल बरबड़ रोड व सैफी आटो पाटर्स अलकापुरी रोड से 500-500 रुपये का स्पाट फाइन वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई।

## 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 38150, काम्पेक्टर सूखा कचरा 33420, काम्पेक्टर गीला कचरा 6870, मैजिक से 3705 किलो इस तरह कुल 82190 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया

नईदुनिया 3/8/21

## गंदगी फैलाने पर 5 लोगों पर जुर्माना

**रतलाम |** स्वच्छता अभियान में गंदगी फैलाने पर सोमवार को पांच व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। स्पॉट फाइन दल ने गंगाबाई बंशीलाल शर्मा थावरिया बाजार पर 1000 रुपए, छोटू ऑटो पार्ट्स आबकारी चौराहा पर 700 रुपए, हुतैब ग्लासेस महू रोड, राजस्थान मार्बल बरबड़ रोड व सैफी ऑटो पार्ट्स अलकापुरी रोड पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान ने की। भास्कर

दै. भास्कर 3/8/21

10

# चेतावनी : रोज एक-डेढ़ लाख कोरोना केस की आशंका

# सावधान! अगस्त में ही आ सकती है कोरोना की तीसरी लहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


नई दिल्ली. कोरोना वारयस की दूसरी लहर अभी पूरी तरह थमी भी नहीं है और तीसरी लहर के दस्तक देने की खबरें आने लगी हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगस्त में ही तीसरी लहर की शुरुआत हो जाएगी और अक्टूबर में इसका पीक होगा।

रिपोर्ट के अनुसार तीसरी लहर में कोरोना के एक लाख से डेढ़ लाख तक रोजाना मामले आ सकते हैं। बता दें कि पिछले एक हफ्ते से रोज कोरोना के करीब 40 हजार मामले सामने आ रहे हैं। दूसरी लहर में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर डराने वाली थी। अगर तीसरी लहर ने भी ऐसी तबाही मचाई तो देश के लिए मुश्किल हो सकती है। कोरोना को लेकर यह ताजा दावा शोधकर्ताओं ने गणित के मॉडल के आधार पर किया गया है। शोधकर्ता में आइआइटी हैदराबाद के प्रो. मधुकुमल्ली विद्यासागर और आइआइटी कानपुर के प्रो. मनिंद्र अग्रवाल शामिल थे। प्रो. विद्यासागर द्वारा कोरोना की दूसरी लहर को लेकर किया गया अंदेशा करीब-करीब सटीक बैठा था। अब पिछले एक सप्ताह के आंकड़े बता रहे हैं कि कुछ राज्यों में संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

### टीकाकरण की गति बढ़ानी होगी

शोधकर्ता कहते हैं कि कोरोना को घातक होने से रोकने टीकाकरण तेज करना होगा। भारत में 47.20 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया गया है। इनमें से 36.81 करोड़ को सिर्फ पहली खुराक दी गई है।

### डरना जरूरी : एक सप्ताह से 40 हजार पार




पत्रिका 3/8/21

(9)

**टीएल बैठक** **झाबुआ मार्ग पर टोल नाके की लोकेशन चेंज होगी, कलेक्टर ने दिए के निर्देश**

# खराब सड़क सुधारने के लिए इंतजार क्यों, काम शुरू करें

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर व हाइवे की सड़कें खराब होने पर सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जमकर नाराजगी जाहिर की। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने मप्र रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि वे स्वत: संज्ञान क्यों नहीं लेते हैं। सड़क खराब होने संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं। टोल आपरेटर से तत्काल सड़कें दुरुस्त करवाएं।

बैठक में कलेक्टर ने झाबुआ रोड पर लगाए गए टोल की लोकेशन चेंज करने के निर्देश भी दिए। वर्तमान लोकेशन से ग्रामीणजनों को परेशानी हो रही है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग व नगर निगम को भी कलेक्टर ने खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें कोई इंतजार नहीं करे। मालूम हो कि नईदुनिया ने हाईवे पर जर्जर सड़क के बाद भी टोल वसूली सहित शहर की खराब सड़कों को लेकर भी गत दिवस खबर प्रकाशित की थी।

**रोजगार मेलों में मिलने वाले रोजगार से होगा परफार्मेंस का आकलन**

कलेक्टर ने बैठक में महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि आपका परफार्मेंस तभी अच्छा माना जाएगा जब आप रोजगार मेलों के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिला सकेंगे। उद्योगपतियों से संपर्क करके उनकी व्यापक सहभागिता रोजगार मेलों में कराकर रोजगार दिलवाएं।

**टीएनसीपी सिर्फ अनुमति देने तक सीमित न रहे**

बैठक में कलेक्टर ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के जीएल वर्मा को निर्देश दिए कि सिर्फ स्वीकृति जारी करने तक सीमित नहीं रहे, आगे मौका निरीक्षण तथा अन्य कार्रवाई भी देखें। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से कहा कि शहर में करीब चार से पांच हजार स्ट्रीट वेंडर होंगे जिनके पास ठेलागाड़ी नहीं है और वे किराए की ठेलागाड़ी से अपना काम धंधा करते हैं। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से प्रकरण बनाकर उन्हें ठेला गाड़ी दिलवाई जाए।

**कालेज-स्कूलों में तेजी से हो वैक्सीनेशन**

कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा में अग्रणी कालेज प्राचार्य संजय वाते ने बताया कि रतलाम के आर्ट्स एंड साइंस कालेज में 450, गर्ल्स कॉलेज में 242, जावरा कालेज में 490 तथा सैलाना कालेज में 50 विद्यार्थियों का वैक्सीनेशन, कैंप में किया गया है। निजी स्कूलों में भी स्टाफ का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

**सैलाना सीएमओ का एक दिन का वेतन काटने के आदेश**

सैलाना नगर पालिका अधिकारी के बैठक में देर से पहुंचने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**साइबर हब की स्थापना होगी**

कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में साइबर हब स्थापना के लिए एक टीम गुड़गांव भेजी जाए जो वहां साइबर हब का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस टीम में डिप्टी शिराली जैन तथा निगम के इंजीनियर सम्मिलित रहेंगे। बैठक में कलेक्टर द्वारा कोरोना थर्ड वेव आशंका संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

नईदुनिया

नईदुनिया 3/8/21

(14)

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

स्वदेश

# अधिकारी सड़क खराबी संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं

## विभिन्न विभागों की समीक्षा कर कलेक्टर ने अच्छे परफारमेंस के निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा कर संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध अथवा जहरीली शराब नहीं बिके, इसके लिए जिले में तैनात संबंधित निरीक्षकों की सीधी-सीधी जिम्मेदारी है। साथ ही जिला अधिकारी भी जिम्मेदार रहेंगे। जावरा में पकड़ी गई शराब फैक्ट्री के लिए जो भी जिम्मेदार है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग को शहर में उनकी खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। अमृत सागर तालाब वाले रोड की दुरुस्ती कार्य किए जाने की जानकारी लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए, इसमें कोई इंतजार नहीं करें। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के श्री वर्मा को निर्देश दिए कि सिर्फ स्वीकृति जारी करने तक सीमित नहीं रहे, आगे मौका निरीक्षण तथा अन्य कार्रवाई भी देखें। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सड़क पर बरसात में गड्ढे पड़ जाने पर कलेक्टर द्वारा आरडीसी के अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि वे स्वत: संज्ञान क्यों नहीं लेते हैं। सड़क खराबी संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं। टोल ऑपरेटर से तत्काल सड़कें दुरुस्त करवाएं। कलेक्टर ने झाबुआ रोड पर लगाए गए टोल की लोकेशन चेंज करने के निर्देश भी दिए। वर्तमान लोकेशन से ग्रामीणजनों को परेशानी हो रही है।

### व्यवसाय के लिए ठेलागाड़ी दिलवाएं

निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में बड़ी संख्या में बगैर ठेले के स्वरोजगार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स हैं, उनको ठेलागाड़ी दिलवा दी जाए। ऐसे लगभग 4 से 5 हजार स्ट्रीट वेंडर होंगे, जिनके पास ठेलागाड़ी नहीं है और वे किराये की ठेलागाड़ी से अपना काम-धंधा करते हैं। कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से प्रकरण बनाकर ठेला गाड़ी दिलवाने के निर्देश दिए गए।



### जिन्होंने राशि चुकाई, उन्हें दुगना लोन दिया जाएगा

निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 400 प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत हैं। कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरणों में तत्काल स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि स्ट्रीट वेंडर योजना में शहर के 27 ऐसे स्ट्रीट वेंडर के प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, जिनके द्वारा पूर्व में ली गई 10 हजार रुपए की राशि चुका दी गई है, अब उन्हें दुगनी राशि 20 हजार रुपए का लोन दिया जाना है। सीएम ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा में जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर योजना क्रियान्वयन का निरीक्षण करें।

### कॉलेज और स्कूल में टीकाकरण शिविर लगाए

कोरोना टीकाकरण की समीक्षा में कॉलेज प्राचार्य संजय वाते ने बताया कि रतलाम के आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में 450, गर्ल्स कॉलेज में 242, जावरा कॉलेज में 490 तथा सैलाना कॉलेज में 50 स्टूडेंट का टीकाकरण, शिविर में किया गया है। बताया गया कि शहर में प्राइवेट स्कूलों में भी स्टाफ का टीकाकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत वितरण कंपनी, शहरी विकास अभिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग को परफारमेंस में सुधार के निर्देश दिए गए। उक्त विभागों को 80 से लेकर 90 अंक तक लाने के लिए त्रिर्देशित किया गया।

स्वदेश 3/8/21

(6)

# रतलाम में हवाई पट्टी बनने का रास्ता साफ होने की बनी उम्मीद, मंत्रालय में भेजा गया प्रस्ताव

## शहर विधायक को केंद्रीय विमानन मंत्री सिंधिया ने दी जानकारी


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. शहर में रतलाम रेंज के लिए बनने वाली हवाई पट्टी निर्माण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात व शहर में हवाई पट्टी की मांग के बाद मंत्री ने भी इसमे रुचि लेते हुए मंत्रालय में न सिर्फ प्रस्ताव को भेजा है, बल्कि इसका जवाब भी शहर विधायक को दिया है।

शहर में लंबे समस से हवाई पट्टी की जरुरत महसुस की जा रही है। सेव, सोना व साड़ी के कारोबार में नंबर एक पर होने के बाद भी अब तक इसके लिए गंभीरता से प्रयास नहीं हुए। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एयर पोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के सदस्य मुकेश सौलंकी ने इसके लिए पहला निरीक्षण बंजली हवाई पट्टी पर किया। इसके बाद इस योजना में गति आना शुरू हुई। मंत्रालय ने भूमि की मांग करते हुए इसके लिए अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण के बारे में जानकारी दी।

इन सब के बीच सिंधिया केंद्र में मंत्री बने व शहर विधायक काश्यप ने 16 जुलाई को दिल्ली में उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात में रतलाम में हवाई पट्टी के बारे में जरुरत बताई। इसके बाद ही सिंधिया ने शहर विधायक को पत्र लिखकर जानकारी दी। शहर विधायक को पत्र में मंत्री ने लिखा है कि मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बड़ा जंक्शन है। दिल्ली - मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद हैं। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुड़ेगा।

### एयर लाइन को भी बताया

इन शब्दों के साथ देश के नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू करने हेतु विधायक काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर लाइंस के साथ साझा करने की जानकारी भी दी। मंत्री सिंधिया ने पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है।

### विशेष लगाव रतलाम से

विधायक काश्यप ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था। इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। एयर पोर्ट अर्थारिटी इन्दौर के दल द्वारा इस हेतु सर्वे भी किया गया है।

पत्रिका 3/8/21

## उम्मीद... हवाई मार्ग से जुड़ेगा रतलाम

रतलाम। मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बडा जंक्शन है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद है। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुडेगा। इन शब्दों के साथ देश के नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चैतन्य काश्यप को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू करने हेतु काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर लाइंस के साथ साझा करने की जानकारी भी दी। सिंधिया ने पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है। विधायक काश्यप ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था। इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। अग्निबाण 2

अग्निबाण 2/8/21

(२)

अमृत सागर से गाद : जलकुंभी हटाने के लिए टेंडर जारी, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरा निपटान हेतु क्रियांवित होगी योजना, अन्य कार्यों पर भी काम

अभिलाषा-2

# विजन पर हो रहा काम, संवरेगा हमारा रतलाम

● रतलाम

**आने वाले समय में रतलाम इंदौर के बाद मालवा का दूसरा बड़ा, विकसित और सुव्यवस्थित शहर कैसे बने, इसको लेकर हर स्तर पर काम हो रहा है। विजन के साथ हो रहे विभिन्न कार्यों से शहर की ना सिर्फ सूरत बदलेगी, बल्कि रतलाम संवरता हुआ नई पीढ़ी के लिए उम्मीदों के नए द्वार भी खोलेगा। ऐसे में शहर में अधोसंरचनात्मक एवं धरोहर संरक्षण के विभिन्न कार्यों के साथ सुव्यवस्थित विकास पर भी लगातार काम आगे बढ़ रहे हैं।**

गौरतलब है कि शहर विधायक चैतन्य काश्यप रतलाम को मालवा की नई आर्थिक राजधानी बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं तो अब नए कलेक्टर ने भी शहर में विभिन्न विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में विकास कार्यों के माध्यम से शहर की सूरत संवारने का कार्य प्रगति पर है। इसी के तहत शहर के अमृत सागर तालाब का राष्ट्रीय तालाब संरक्षण योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार कार्य 21 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस योजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। झील में जमी गाद निकालने के लिए 3.47 करोड़ की निविदा भी आमंत्रित की जा चुकी है। जलकुंभी निकालने के लिए वीड़ हार्वेस्टर मशीन क्रय संचालन एवं साधारण (10 वर्ष) हेतु 2.7 करोड़ की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। मध्य प्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण भोपाल द्वारा इस योजना के लिए 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत होकर नगर निगम को प्राप्त हो गई है। कैपिटल एक्सपेंडिचर के अंतर्गत राज्यों की विशेष सहायता अनुदान योजना में 34.61 करोड़ की लागत से शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। रोड मैप 2021-25 में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों में से 9 नगरीय क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस योजना में कुल 26.66 किलोमीटर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित तथा पुराने इंटकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर मोटर पंप, विद्युत उपकरण के नवीनीकरण के कार्य प्रस्तावित हैं। जीआईएस मैपिंग तथा एमपीएचएस सर्वे कार्य के लिए भी 98 लाख की निविदा प्रक्रियाधीन है। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में हनुमान ताल का सौन्दर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। 90 की लागत से होने वाले इस कार्य के लिए द्वितीय निविदा प्रक्रियाधीन है। इससे वेस्ट वियर एवं पाल का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत, वेस्ट वियर पर निर्मित पुल का चौड़ीकरण एवं बांध पालन किया जाएगा। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण 14.97 करोड़ की लागत से किया जाना है। इसकी भी निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया जारी है। प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले 100 एमटी कचरे के निपटान हेतु कार्ययोजना पीपीपी मोड पर क्रियान्वित की जाना है।

## सूरजमल नगर में होंगे कई कार्य

सूरजमल जैन नगर में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं विकास मंडल से प्राप्त राशि से अधोसंरचनात्मक विकास कार्य किए जा रहे हैं। 1.514 करोड़ की लागत की योजना में निविदा प्राप्त हो चुकी है और स्वीकृति की प्रचलित है। इस योजना के तहत क्षेत्र में सीमेंट कांक्रीट, पेवर ब्लॉक, नाली, सीवर लाइन, सेप्टिक टैंक, बग्गी चौकी, फेंसिंग, जल प्रदाय पाइपलाइन आदि कार्य किए जाना हैं। नगरीय विकास के पंचवर्षीय रोड मैप में उल्लेखित सड़कों का कार्य 123.53 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इसमें सिटी रिंग रोड का चौड़ीकरण एवं फोरलेन में परिवर्तन, मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण एवं फोरलेन में परिवर्तन, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आंतरिक मार्गों का उन्नयन, पाइपलाइन एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण तथा वर्तमान मार्गों पर पुलिया निर्माण का कार्य किया जाएगा।

अभिलाषा 2/8/21

5

# अन्नोत्सव राशन ही नहीं, सम्मान प्रदान करने का भी उत्सव : कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अन्न उत्सव आयोजन में पूर्ण गंभीरता बरतें। इस आयोजन को इलेक्शन मोड़ में संपन्न करें। अन्न उत्सव नागरिकों को सिर्फ राशन प्रदान करने का ही आयोजन नहीं है, वह नागरिकों को सम्मान के साथ राशन प्रदान करने का आयोजन है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान दें। तिलक लगाकर उनका स्वागत भी करें और उन्हें गरिमा के साथ थैलों में राशन प्रदान करें। राशन की गुणवत्ता बनाए रखें और बैग भी व्यवस्थित हो, यह सुनिश्चित करें? उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन में पूरी व्यवस्थाएं बनाए रखें। उपस्थित सभी लोग मास्क पहने हों, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आयोजन के लिए अनुविभागीय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाए। रिपोर्टिंग सिस्टम को मजबूत रखें। सभी स्थल से प्रतिदिन होने वाली तैयारियों की प्रगति की जानकारी की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रदान की जाए।

**रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाई जा रही पी डी एस शॉप-** अन्न उत्सव के लिए जिले की पीडीएस शॉप रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाया जा रहा है। सभी दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीडीएस शॉप की रंगाई-पुताई कर आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखें। यदि किसी पीडीएस शॉप पर स्थान की कमी हो तो बिल्कुल समीप का कोई सुविधाजनक स्थान भी आयोजन के लिए चयनित किया जा सकता है। प्रसारण

प्रसारण 3/8/21

# अन्न उत्सव के लिए राशन दुकान पर हो पूरी व्यवस्था

## शहर के सभी पीडीएस संचालकों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** अन्न उत्सव आयोजन के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में तैयारियां जोरो पर चल रही है। इसे लेकर सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत ने शहर के 63 राशन दुकान संचालको व जोनल अधिकारियों की बैठक ली। इसमें खाद्य विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एसडीएम ने अन्न उत्सव आयोजन के लिए की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए पीडीएस शॉप संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि

उपभोक्ताओं को "अन्न उत्सव" में दिया जाने वाले खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जाएगा। सभी उचित मूल्य की दुकानों, सभी सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोला जाए तथा वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जाए।

**कंट्रोल रूम स्थापित-**एसडीएम ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रतलाम में रतलाम शहर अनुभाग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि 5 अगस्त तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ओके रिपोर्ट कंट्रोल रूम पर देना सुनिश्चित करें। पत्रिका

पत्रिका 3/8/21

# राज्य खाद्य आयोग सदस्य आएंगे रतलाम

**रतलाम @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खंडेलवाल 6 अगस्त को रतलाम जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्र म अनुसार खंडेलवाल प्रातः 11 से 12 बजे तक जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक हितग्राहियों से भेंट करेंगे।दोपहर 2 बजे से खाद्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा करेंगे।

पत्रिका

पत्रीका 3/8/21

(१२)



# रतलाम में मॉस्क की दीवार

**रतलाम, नप्र।** कॉलेज रोड के ब्लड बैंक पर मॉस्क की दीवार बनाई। यह दीवार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् व मानव सेवासमिति के मार्गदर्शन में पलसोड़ा के खून मित्र कचरु राठौड़ की ओर से बनाई गई।

कचरु राठौड़ ने बताया कि मामनवसेवा के ब्लड बैंक पर रोजाना सैकडों लोग आते-जाते है। कई तो बिना मॉस्क के होते है। ऐसे लोगों को मुफ्त में मास्क मिल सके और ब्लड बैंक संक्रमण मुक्त रह सकें इसके लिए वहां मास्क का इंतजाम कर मास्क की दीवार बनाई गई। राठौड़ ने बताया कि कोरोना नियंत्रण के लिए प्रदेश की यह पहली मास्क दीवार है जिसका शुभारंभ मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार (मुरलीवाला) व जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने किया है।

राठौड़ ने बताया कि मास्क की दीवार से जिन्हें जरूरत है वे मास्क ले जा सकते है साथ ही जो भी व्यक्ति दान करना चाहते है वे यहां मास्क दान कर सकते है। दान में मिलने वाले मास्क दीवार पर लगाए जाएंगे। ब्लड बैंक पर यह दीवार लगातार जारी रहेगी। मोहनलाल मुरलीवाला ने कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने में मास्क की दीवार अभियान खास साबित होगा। इस अभियानसे अन्य लोग भी प्रभावित होकर अपने-अपने क्षेत्र में मास्क की दीवार बनाने का काम शुरू करेंगे। विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार और समाज की कोशिशों से अभियान सफल होते है और इसी दिशा में खून मित्र कचरु राठौड के सहयोग से यहां मास्क की दीवार शुरू की गई है। राठौड़ ने कहा कि उन्होंने मास्क का महत्व समझा और इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने दूसरों की सुरक्षा के लिए यहां मास्क की दीवार की शुरुआत की। उन्होंने कहाकि ज्यादा से ज्यादा जगह ऐसी दीवार दीवार बने इसकी कोशिश की जाएगी।

## सावधानी बरतें

**रतलाम, नप्र।** बारिश के मौसम में जलजनित बीमारी के साथ डेंगू और चिकनगुनिया के फैलने की संभावना को ध्यान में रखते हुए नागरिक सावधानी बरतें।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि बारिश का पानी कहीं भी जमा नहीं होने दें। नालियों तथा पानी भराव वाली जगहों पर निरंतर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते रहे। डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण पाए जाने पर सरकारी अस्पताल में मुफ्त खून की जांच कराएं। जांच में डेंगू या चिकनगुनिया पाए जाने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार पूरा उपचार ले। पानी के बर्तन ढंककर रखें। हैंडपंप के आसपास भी पानी जमा ना होने दें। जमा पानी पर मिट्टी का तेल या इंजन का जला हुआ तेल डालें। आसपास सफाई रखें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सावधानी बरतकर दोनों बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

पृ. क्र. २

प्रभात किरण १२/८/२१

(8)

# राशन दुकानों पर रंगाई-पुताई...

**रतलाम, मप्र।** अन्न उत्सव के लिए राशन दुकानों पर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। दुकानों को आकर्षक बनाने के लिए रंगाई-पुताई की जा रही है। फिर भले ही छत से बारिश का पानी टपक रहा हो या दीवारों का प्लास्टर उखड़ रहा हो... उसे साफ तौर पर नजरअंदाज किया जा रहा है। कलेक्टर ने दुकानों को चमकाने का कहा है तो दुकानें चमकाई जा रही हैं।

7 अगस्त को होने वाले अन्न उत्सव आयोजन के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सारी तैयारियां चाकचौबंद रखने को कहा है। कहा गया कि राशन दुकानों का भवन भी साफसुथरा और ठीकठाक हो। जिसके चलते बारिश के मौसम में भी राशन दुकानों पर रंगाई-पुताई कर दुकानों को चमकाया जा रहा है। जिस दुकान का नाम साफ तौर पर दिखाई नहीं देता था, वहां चमचमाते कलर से लिखावट कर नाम को चमकाया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि अन्न उत्सव का आयोजन केवल नागरिकों को राशन देने का आयोजन ही नहीं है, बल्कि नागरिकों को सम्मान देने का आयोजन भी है। इसलिए आयोजन में पूरी तरह से गंभीरता बरतें। जिले के सभी अधिकारियों से कहा कि अन्न उत्सव कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को पूरा सम्मान दिया जाएं। मालवा की परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर उनका स्वागत करें और गरिमा के साथ थैलों में राशन भरकर दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कि इस बात का खासतौर पर ध्यान रखा जाए कि राशन के बैग ठीकठाक हो ताकि राशन देते समय कोई दिक्कत ना हो। साथ ही राशन भी गुणवत्ता वाला हो। तैयारी ऐसी करें कि आयोजन के पूरा इंतजाम पहले से हो जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयोजन में सभी लोग मास्क पहने हों इस बात का खास ध्यान रखें। आयोजन के लिए अनुविभागीय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाए। रिपोर्टिंग सिस्टम को मजबूत रखें। अन्न उत्सव आयोजन के लिए जिले की पीडीएस शॉप पर रंगाई-पुताई कर उसे आकर्षक बनाया जा रहा है। कहा गया कि यदि किसी पीडीएस शॉप पर जगह की कमी हो तो पास में कोई भी सुविधाजनक जगह पर इसका आयोजन किया जा सकता है। पु.क्र. 2




पोत दिया... पुताई का कहा तो भवन पोत दिया... उखड़ते प्लास्टर की सुध नहीं।

प्रभातकिरण 2/8/21

## आज दस राशन दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

रतलाम | आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत सोमवार को 378 के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इससे पहले वार्ड वार दल 2543 बना चुके हैं। इस तरह अब तक नगर निगम 5124 आयुष्मान कार्ड बना चुका है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 3 अगस्त को विरियाखेड़ी, आनंद कॉलोनी, थावरिया बाजार, जाटों का वास, रामगढ़, सुभाष नगर, ईदगाह रोड, शक्तिनगर और प्रताप नगर स्थित उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

दै. भास्कर 3/8/21

7

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सड़के सुधारने के लिए खबरें छपने का इंतजार क्यों?

- कलेक्टर ने शहर में साइबर हब की स्थापना के लिए उठाया कदम, गुड़गांव भेजी जाएगी एक टीम
- जावरा में पकड़ी गई शराब फैक्ट्री के मामले में जिम्मेदारों पर भी होगी कार्रवाई



**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

आपका परफारमेंस तभी अच्छा माना जाएगा जब आप रोजगार मेलों के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिला सकेंगे। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने श्री शर्मा को उद्योगपतियों से संपर्क करके उनकी व्यापक सहभागिता रोजगार मेलों में कराने के निर्देश दिए जिससे ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले।

कलेक्टर द्वारा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित लगभग प्रत्येक अधिकारी से उसके विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के श्री वर्मा को निर्देश दिए कि सिर्फ स्वीकृति जारी करने तक सीमित नहीं रहे, आगे मौका निरीक्षण तथा अन्य कार्रवाई भी देखें। आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध अथवा जहरीली शराब नहीं बिके। इसके लिए जिले में तैनात संबंधित निरीक्षकों की सीधी-सीधी जिम्मेदारी है। साथ ही जिला अधिकारी भी जिम्मेदार रहेंगे। जावरा में पकड़ी गई शराब फैक्ट्री के लिए जो भी जिम्मेदार है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग को शहर में उनकी खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। अमृत सागर तालाब वाले रोड की दुरुस्ती कार्य किए जाने की जानकारी लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए, इसमें कोई इंतजार नहीं करें। निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में बड़ी संख्या में बगैर ठेले के स्वरोजगार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स है उनको ठेलागाड़ी दिलवा दी जाए। ऐसे लगभग 4 से 5 हजार स्ट्रीट वेंडर होंगे जिनके पास ठेलागाड़ी नहीं है और वे किराए की ठेलागाड़ी से अपना काम धंधा करते हैं। कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से प्रकरण बनाकर ठेला गाड़ी दिलवाने के निर्देश दिए गए।

निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 400 प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत है। कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरणों में तत्काल स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि स्ट्रीट वेंडर योजना में शहर के 27 ऐसे स्ट्रीट वेंडर के प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं जिनके द्वारा पूर्व में ली गई 10 हजार रूपए की राशि चुका दी गई है, अब उन्हें दुगनी राशि 20 हजार रूपए का लोन दिया जाना है। सीएम ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा में जिला समन्वयक श्री हिमांशु शुक्ला को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर योजना क्रियान्वयन का निरीक्षण करें।

कोरोना वैक्सी नेशन की समीक्षा में कॉलेज प्राचार्य संजय वाते ने बताया कि रतलाम के आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में 450, गर्ल्स कॉलेज में 242, जावरा कॉलेज में 490 तथा सैलाना कॉलेज में 50 स्टूडेंट का वैक्सीनेशन, कैंप में किया गया है। बताया गया कि शहर में प्राइवेट स्कूलों में भी स्टाफ का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत वितरण कंपनी, शहरी विकास अभिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग को परफारमेंस में सुधार के निर्देश दिए गए। उक्त विभागों को 80 से लेकर 90 अंक तक लाने के लिए निर्देशित किया गया।

## सैलाना नगर पालिका अधिकारी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए

सैलाना नगर पालिका अधिकारी के बैठक में देर से पहुंचने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सड़क पर बरसात में गड्ढे पड़ जाने पर कलेक्टर द्वारा आरडीसी के अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि वे स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लेते हैं। सड़क खराबी संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं। टोल ऑपरेटर से तत्काल सड़कें दुरुस्त करवाएं। कलेक्टर ने झाबुआ रोड पर लगाए गए टोल की लोकेशन चेंज करने के निर्देश भी दिए। वर्तमान लोकेशन से ग्रामीणजनों को परेशानी हो रही है।

कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में साइबर हब स्थापना के लिए एक टीम गुड़गांव भेजी जाए जो वहां साइबर हब का अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस टीम में डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा निगम के इंजीनियर सम्मिलित रहेंगे। बैठक में कलेक्टर द्वारा कोरोना थर्ड वेव आशंका संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला चिकित्सालय के आईसीयू में 20 बैड तैयार किए जा रहे हैं, बाल चिकित्सालय में 50 बेड तथा एमसीएच में 30 बेड की तैयारी की जा रही है। बाल चिकित्सालय में आगामी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रसारण

प्रसारण 3/8/21

13

# आज गर्भवती महिलाओं को लगेगा को-वैक्सीन का डोज

रतलाम | सोमवार को जिले में कोरोना वैक्सीन लगाई गई। इस बार मामला उलटा दिखा है। अब तक रतलाम शहर में 100% से ज्यादा टीकाकरण होता था, लेकिन सोमवार को सिर्फ 92.14% लोगों को ही वैक्सीन लगी। इधर, मंगलवार को जिले में सिर्फ गर्भवती को टीके लगाए जाएंगे।

जिले में सोमवार को 22587 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई। हालांकि, लक्ष्य 21400 लोगों को लगाने का ही था। लेकिन, रतलाम शहर के अलावा सभी ब्लॉक में 100% से ज्यादा टीकाकरण हुआ। रतलाम शहर में 4400 लोगों को वैक्सीन लगना थी, लेकिन 4054 लोग ही टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचे। सबसे ज्यादा रतलाम ग्रामीण में वैक्सीनेशन हुआ है। ग्रामीण में 115.50% लोगों ने टीके लगवाए।

**एमसीएच भवन में लगेगी वैक्सीन-** मंगलवार को गर्भवती को को-वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए 500 डोज रहेंगे।

दे. भास्कर 3/8/21

# आज जिले में 88 जगह टीके

रतलाम, नप्र। कोविड-19 के टीके जिले में 88 केन्द्रों पर लगाए जा रहे हैं। कोविशील्ड का पहले टीके के लिए शहर में छह केन्द्र बनाए गए है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शहर के शिवनगर स्कूल, रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी, अशोक नगर जामिया सिमरोल मदरसा, डीआरएम ऑफीस दो बत्ती, काश्यप सभागृह सागोद रोड केन्द्रों पर केवल दूसरे डोस का टीका लगाया जा रहा है। न्यू कलेक्टोरेट के केन्द्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाए जाने का इंतजाम किया है।

प्रभातकिरण 2/8/21

(15)

**डेंगू बेलगाम** • आज से शहर के सभी 49 वार्डों में घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम, कुल 83 मामले सामने आए

# शहर में 48 घंटे में 14 केस मिले, पिछले साल से दोगुना, 5 गुना तक बढ़ गई प्लेटलेट्स की मांग

## प्रशासन अब एंटी लार्वा सर्वे शुरू करेगा, कंटेनर सर्वे होगा

### मरीज और लार्वा तलाशेंगे, इधर... नया सरकारी आदेश - 20 हजार से कम काउंट वालों को ही देंगे प्लेटलेट्स

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में मानसून का सिहराने वाला प्रभाव दिखना शुरू हो गया है। डेंगू के मरीज बेलगाम रफ्तार से बढ़ रहे हैं। सिर्फ 48 घंटे में ही 14 नए मामले सामने आ गए हैं। इधर, ब्लड बैंक अलग ही हकीकत बता रहा है। क्योंकि प्लेटलेट्स की मांग 5 गुना तक बढ़ गई है। शहर के इन हालात को देख अब आज से ही सभी 49 वार्डों में फीवर सर्वे किया जाएगा। इसमें बुखार के मरीजों के साथ ही लार्वा को भी तलाशेंगे।

मानसूनी सीजन खत्म होने से पहले ही डेंगू ने रफ्तार पकड़ ली है। 21 जुलाई तक शहर में 21 डेंगू के केस थे, इसमें 9 एलाइजा तो वहीं 12 किट से पॉजिटिव मिले थे। लेकिन इसके बाद सिर्फ 12 दिन में ही 62 डेंगू के केस सामने आ गए हैं। अभी जिले में करीब 63 एलाइजा कंफर्म तो वहीं 20 किट से डेंगू पॉजिटिव मिले लोग हैं।

**2020 में सितंबर तक 5 पॉजिटिव थे :** डेंगू मरीजों का आंकड़ा चिंतित करने वाला भी है क्योंकि यह बड़े खतरे का संकेत है। पिछले साल सितंबर के महीने तक 5 पॉजिटिव केस ही सामने आए थे। बारिश के बाद मामले बढ़ना शुरू हुए थे जो सालभर में 42 केस मिले थे लेकिन अभी इससे करीब दो गुना यानी 83 केस मिले हैं

### 2018 में बेलगाम था जिले में डेंगू, अब तक के सर्वाधिक 242 केस मिले



जिले में 2018 में डेंगू बेलगाम हो गया था। अब तक के सर्वाधिक 242 केस मिले थे। वहीं, 2019 में भी 150 से ज्यादा मामले सामने आए थे। इन दोनों ही साल में ठंड में डेंगू के मामले तेजी से बढ़े थे। इस बार बारिश में डेंगू रफ्तार पकड़ रहा है।

**ब्लड बैंक की हकीकत...**

### रोज 50 यूनिट प्लेटलेट्स लोगों को दे रहे, 5 गुना बढ़ी वर्तमान में मांग

इधर सरकारी आंकड़े भले ही डेंगू के मामले सिंगल आंकड़े में बता रहे हैं लेकिन मानव सेवा समिति ब्लड बैंक की हालत खराब है। मानव सेवा समिति ब्लड बैंक में 50 यूनिट प्लेटलेट्स रोज लग रहे हैं। समिति के मोहन मुरलीवाला ने बताया कि 15 दिन में मांग तेजी से बढ़ी है। आम दिनों में 5 से 7 यूनिट की ही मांग रहती है।

### जिला अस्पताल में इंतजाम नहीं, एक यूनिट के लिए परिजन को देना पड़ रहे 300 रुपए

इधर, जिला अस्पताल में प्लेटलेट्स का इंतजाम नहीं है। अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड कंपानेंट यूनिट सालों से बंद पड़ी है। प्रबंधन इसे शुरू नहीं करवा पा रहा है। नतीजा यह है कि मरीजों को एक यूनिट के लिए 300 रुपए मानव सेवा समिति में खर्च करना होते हैं। छुट्टी वाले दिन 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज भी देना होता है।

भास्कर

### बुखार को सामान्य ना समझें... घर-घर में कंटेनर सर्वे भी होगा

लगातार बिगड़ती स्थिति देख अब प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मंगलवार से पूरे शहर में एंटी लार्वा सर्वे किया जाएगा। 49 वार्डों में टीमें बनाई गई हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग साथ में मिलकर काम करेंगे। बुखार के मरीजों को तलाश कर कंटेनर सर्वे भी होगा। लार्वा को नष्ट किया जाएगा।

### वेरेएयू बोली- 41 रेल कर्मचारी डेंगू पॉजिटिव

इधर, वेस्टर्न रेलवे एम्पलायज यूनियन के मंडल मंत्री मनोहर सिंह बारठ ने 41 रेल कर्मचारी डेंगू पॉजिटिव मिलने की बात कही है। इसे लेकर सोमवार को उन्होंने डीआरएम को पत्र लिखा है। इसमें बताया कि कार्यालय, स्टोर, डीपो, विशेषकर इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत कर्मचारी और उनके परिवार डेंगू का शिकार हुए हैं। मच्छरों से बचाव, रोकने के उपाय, दवा छिड़काव, ब्लड की उपलब्धता सहित अन्य इंतजाम करने का कहा है।

### 7 साल में मिले डेंगू के केस

| | |
|---|---|
| 2015 | 70 |
| 2016 | 32 |
| 2017 | 34 |
| 2018 | 242 |
| 2019 | 162 |
| 2020 | 42 |
| 2021 | 83 (अब तक) |

### तीन यूनिट प्लेटलेट्स करवाए

**केस - 1**

ग्राम लदूना के20 साल के युवक को डेंगू हो गया था। ऐसे में उन्हें प्लेटलेट्स की सख्त जरूरत थी। श्रद्धा हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। युवक का ब्लड ग्रुप ए-निगेटिव था, ऐसे में प्लेटलेट्स मिलने में परेशानी हुई। सोशल मीडिया पर मैसेज चले। युवक के पिता ने बताया कि सभी जगह प्लेटलेट्स के लिए प्रयास किए। अंततः 3 यूनिट का इंतजाम हो गया। अभी युवक स्वस्थ है।

### नहीं मिल पाए प्लेटलेट्स

**केस - 2**

महलवाड़ा निवासी 15 वर्षीय और 17 वर्षीय बालक को डेंगू हो गया। उनके पिता ने बताया 17 वर्षीय बालक को सोमवार को दो यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत थी। उनका प्लेटलेट्स 27 था। सीएमएचओ का आदेश 10 से कम वालों को ही देने का है, ऐसे में हमें प्लेटलेट्स नहीं मिल सका। हालांकि, जरूरतमंद को पहले मिले, यह हम समझते हैं। डॉक्टर से चर्चा की है, अभी दवा दे रहे हैं।

### रतलाम शहर में ही ज्यादा पॉजिटिव

जिले में अभी रतलाम शहर में ही ज्यादा डेंगू के केस सामने आ रहे हैं। डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया एक महीने पहले पल्दूना में एक साथ 22 केस मिलने का मामला सामने आया था। इसके बाद से ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में केस नहीं आ रहे हैं। निजी अस्पताल में उज्जैन जिले के गांव के भी कुछ मरीज इलाजरत है।

दे. भास्कर 3/8/21

(3)

# अमृतसागर तालाब के लिए 21 करोड़ ₹

रतलाम, नप्र। विकास कामों के माध्यम से शहर की सूरत संवारने का काम प्रगति पर है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शहर के अमृतसागर तालाब का राष्ट्रीय तालाब संरक्षण योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार काम 21 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। झील में जमी गाद निकालने के लिए 3.47 करोड़ की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। जलकुंभी निकालने के लिए बोड हारवेस्टर मशीन खरीदने, संचालन एवं दस साल के संधारण के लिए 2.7 करोड़ की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। कैपिटल एक्सपेंडिचर के अंतर्गत राज्यों की विशेष सहायता अनुदान योजना में 34.61 करोड की लागत से शहर में विकास काम किए जा रहे हैं। रोड मैप 2021-25 में प्रस्तावित सड़क निर्माण कामों में से नौ नगरीय क्षेत्र की सड़कों का काम प्रस्तावित है। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में हनुमान ताल का सौन्दर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। ५ ओ॰२

प्रभातकीरण। २/8/२१

(1)

# नगर निगम ने ली संपवेल की जानकारी, सब इंजीनियर ने जाकर देखा मोटर और सप्लाय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** नगर निगम ने एक लाख लीटर की क्षमता वाले गांधीनगर के संपवेल की जानकारी सोमवार को ली है। पत्रिका ने मामले में 30 जुलाई को 13 लाख की लागत वाले संपवेल का उपयोग नहीं, समाचार का प्रकाशन किया था। इसके बाद निगम ने सब इंजीनियर भय्यालाल चौधरी को भेजा व यहां पर मोटर चल रही है या नहीं इसकी जानकारी ली।

असल में दिसंबर 2019 में 13 लाख रुपए की लागत से गांधीनगर क्षेत्र में संपवेल का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। तब से अब तक इसको उपयोग ही नहीं किया गया। इसके शुरू होने से करीब 10 हजार से अधिक की आबादी को पेयजल तेजी से मिलने का लाभ होगा। पत्रिका ने इसी को मुद्दा बनाकर प्रकाशित किया था। इसके बाद सोमवार को पेयजल विभाग के सब इंजीनियर भय्यालाल चौधरी पहुंचे व उन्होंने पेयजल टंकी के करीब बने हुए संपवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान मोटर चल रही है या नहीं यह भी जांच की गई। अब चौधरी अपनी रिपोर्ट निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को देंगे इसके बाद संपवेल चलाने पर निर्णय होगा।

पत्रिका 3/8/21